जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक 30.10.2024

CEIR पोर्टल के माध्यम से थाना बाबरी पुलिस द्वारा 12 गुम हुए मोबाइल फोन (कीमत लगभग 2,00,000/- रुपये) किये गये बरामद।

ज्ञात हो कि Department of Telecommunication, Govt. of India द्वारा Central Equipment Identity Register (CEIR) पोर्टल को विकसित किया गया है। जिसके क्रम में पोर्टल के सफल क्रियान्वयन हेतु Department of Telecom द्वारा पुलिस थानों को उक्त पोर्टल को मोबाइल फोन खोने/चोरी होने सम्बन्धी प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से थाना स्तर पर ही मोबाइल फोन को खोजने की सुविधा प्रदान की गयी है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा CEIR पोर्टल का सफल क्रियान्वयन करते हुये कुल 12 मोबाईल फोन (कीमत लगभग 2,00,000/- रुपये) को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मोबाईल फोन स्वामियों को उनके फोन सुपुर्द किये गये है। मोबाईल स्वामियों द्वारा पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी है।

बरामद किये गये मोबाईलो का विवरणः-

1.पाँच मोबाईल फोन कम्पनी ओप्पो।

2.तीन मोबाईल फोन कम्पनी सैमसंग।

3.दो मोबाईल फोन कम्पनी रियल मी।

4.एक मोबाईल फोन कम्पनी वीवो।

5.एक मोबाईल फोन कम्पनी मोटेरोला।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI